कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 03.08.2025

विषयः- थाना रामनगर पुलिस द्वारा अनाधिकृत रूप से पुलिस की वर्दी पहनकर घूमने वाला 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में दिनांक 02/08/2025 को उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी मय हमराह पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान राधा किशोरी बालिका विद्यालय के सामने पुलिस आरक्षी के वेश भूषा में खड़ा व्यक्ति जो दाढ़ी रखे हुए था। संदिग्धता के आधार पर पूछताछ किया गया पूछताछ के क्रम में अपना नाम सिद्धार्थ सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी नासिरपुर डाफी थाना चितईपुर वाराणसी बताया। विश्वास होने पर कि उक्त व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत रूप से पुलिस आरक्षी पद की वर्दी धारण किया गया है और उसके पास से मिले फर्जी परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज के आधार पर उसको उसके जुर्म से अवगत कराते हुए समय 22.20 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। थाना रामनगर में मु0अ0सं0-0188/2025 धारा 205/319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

घटनाक्रम का विवरणः दिनांक 02/08/2025 को उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर वाराणसी मय हमराह द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना रामनगर पुलिस द्वारा राधा किशोरी बालिका विद्यालय के सामने पुलिस आरक्षी के वेश भूषा में खड़ा व्यक्ति जो दाढ़ी रखे हुए था। संदिग्धता के आधार पर पूछताछ किया गया पूछताछ के क्रम में अपना नाम सिद्धार्थ सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी नासिरपुर डाफी थाना चितईपुर वाराणसी बताया। विश्वास होने पर कि उक्त व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत रूप से पुलिस आरक्षी पद की वर्दी धारण किया गया है उसको उसके जुर्म से अवगत कराते हुए समय 22.20 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण – गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं गाँव घर में दिखाने व शौक के लिए वर्दी का प्रयोग करके यात्रा के दौरान टोल टैक्स व किराया का लाभ लेता था तथा मौका मिलने पर रात्रि में घूमने फिरने वालों को पुलिस का रौब दिखाकर डरा धमका कर वसूली कर लेता हूँ और बताया कि वर्दी व फर्जी दस्तावेज मैं अपनी बचत के लिए रखता हूँ कि कोई मुझे पकड़ ना पाये। लेकिन आपने मुझे पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण :-

02 अदद कूट रचित पुलिस परिचय पत्र. फर्जी नियुक्ति पत्र व अन्य प्रपत्र, 01 अदद मोटर साइकिल नम्बर UP 65 FF 9714।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान - दिनांक 02/08/2025, राधा किशोरी बालिका विद्यालय थाना रामनगर वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. सिद्धार्थ सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी नासिरपुर डाफी थाना चितईपुर वाराणसी उम्र 20 वर्ष

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –</u>

1. प्रभारी निरीक्षक दुर्गा सिंह थाना रामनगर कमि0 वाराणसी

2. उ**0**नि**0** जय प्रकाश सिंह**,** चौकी प्रभारी कस्बा**,** थाना रामनगर वाराणसी।

3. का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

4. का0 पिन्टू प्रसाद गोंड थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

5. का0 सर्वेश कुमार थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त,कार्यालय
काशी जोन, कमिश्नरेटवाराणसी